VILAS MUTTEMWAR
CHAIRMAN
Parliamentary Standing Committee on Food,
Consumer Affairs & Public Distribution

सत्यमेव जयते

Member of Parliament (Lok Sabha)
Former Union Minister
Member:
General Purposes Committee
Committee on Public Undertakings
House Committee
Consultative Committee, Ministries of Civil Aviation
and Urban Development

3187

दि. 19/06/2012

प्रिय श्री रामचंद्रन

सप्रेम नमस्कार

देश में पासी जाति की जनसंख्या करिब पांच करोड के आसपास हैं। मुल रूप से उत्तरप्रदेश व बिहार के रहनेवाले पासी जाति के लोग आजादी के बाद बेरोजगारी के चलते देश के अन्य राज्यों में स्थलांतरीत हुएं और जहां रोजगार मिला वहीं स्थायी हो चुके है। वर्तमान में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तिसगढ, पंजाब, हरियाणा सहित अन्य राज्यों में पासी जाति के लोग लाखों की संख्या में रहते है। आर्थिक रुप से कमजोर व शिक्षा से वंचित पासी समूदाय आजादी के बाद रोजगार के लिए देश के हर प्रांत में भटकते रहा और जहांभी उन्हें रोजगार मिला वही रहने लगा, परंतू अभी शिक्षा तथा अन्य सुविधा हेतू उन्हें जाति प्रमाणपत्र की आवश्यता महसूस होने के बाद उन्हें पच्चास वर्ष का स्थानिक नागरिकता का प्रमाणपत्र मांगा जा रहा है। स्थानिक नागरिकता का प्रमाणपत्र नही मिलने के कारण जाति प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए उन्हें काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। आर्थिक तथा सामाजिक रूप से पिछडा व भारत के निवासी होने के बावजूद आ रही उक्त कठिनाईयों को दूर कर पासी समूदाय को अनुसूचित जाति का प्रमाणपत्र उपलब्ध करने तथा तत्सबंधी निर्देश उपरोक्त राज्यों को देने हेतू श्री श्रीराम बहोरिया, दलित मित्र व वरिष्ट राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, अ. भा. पासी समाज, नागपुर ने विनती की है।

प्राप्त निवेदन आपके अवलोकनार्थ संलग्न किया है। आपसे अनुरोध है कि, उपरोक्त विषय पर उचित कार्यवाही कर उपकृत करें।

सहानुभूति के साथ,

आपका स्नेहांकित

विलास मुत्तेमवार
(विलास मुत्तेमवार)

श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन
माननीय गृह राज्य मंत्री
भारत सरकार
नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

Office : 115-A, Parliament House Annexe, New Delhi-110 001, Tel. : 23034150, 23034133, Tele Fax : 23017732
Delhi Resi. : 1, Pt. Motilal Nehru Marg, New Delhi-110 011, Tel. : 011-23792044, 23063281, Fax : 011-23794496
Nagpur Resi. : 105, Yeshwant Stadium, Nagpur, Tel. : 0712-2422289, Fax : 0712-2438444, Res. : 0712-2248441